Lung cancer fact sheet

फैक्टशीट
फेफड़े का कैंसर

फेफड़े का कैंसर क्या होता है?

फेफड़े का कैंसर तब होता है जब एक या दोनों फेफड़ों में असामान्य कोशिकाएं अनियंत्रित ढंग से विकसित होने लगती हैं।

फेफड़े शरीर की श्वसन प्रणाली का हिस्सा हैं। वे, श्वासनलियाँ और सूक्ष्मश्वासनलियाँ नामक वायुमार्ग की श्रृंखला से बने होते हैं जो वायुकोष्ठिका नामक छोटी-छोटी वायु थैलियों में समाप्त होते हैं।

फेफड़े के कैंसर कैंसर किस-किस प्रकार के होते हैं?

फेफड़े के कैंसर कई प्रकार के होते हैं, इनमें से प्रत्येक, फेफड़े की अलग कोशिका में प्रारंभ होता है।

- लघु कोशिका कैंसर (Small cell carcinoma) (फेफड़े के कैंसर का 12% प्रतिशत) आमतौर पर केंद्रीय रूप से अवस्थित श्वासनलियों के सतह को ढकने वाली उपकला कोशिकाओं (epithelial cells) से प्रारंभ होता है।
- गैर-लघु कोशिका कैंसर (Non-small cell carcinoma) (फेफड़े के कैंसर का 60% से अधिक) में विभिन्न वर्गों के कैंसर होते हैं जो लघु कोशिका कैंसर (small cell carcinoma) के मुकाबले धीरे-धीरे विकसित होते और फैलते हैं। यह मुख्यतः श्वासनलियों और छोटे वायुमार्गों को ढकने वाली कोशिकाओं को प्रभावित करता है।
- अन्य प्रकार, फेफड़े के कैंसर का लगभग 25% होते हैं।[5]

फेफड़े के कैंसर के क्या-क्या लक्षण होते हैं?

- फेफड़े के कैंसर का हमेशा कोई लक्षण नहीं होता है, और यह किसी अन्य बीमारी के लिए छाती के एक्स-रे के दौरान आकस्मिक रूप से पाया जा सकता है। [2,3]
- फेफड़े के कैंसर के कुछ आम लक्षणों में निम्न शामिल हैं:
- खाँसी के दौरान बलगम में खून – यह हीमोप्टाइसिस कहलाता है।[2–4]
- नई या परिवर्तित खाँसी
- छाती और/या कंधे का दर्द या पीड़ा[2–4]
- हाँफना
- कर्कशता
- बिना किसी स्पष्टता के वजन में कमी/भूख में कमी[2–4]
- सीने में संक्रमण जो ख़त्म न हो रहा हो।[2]

न सिर्फ फेफड़े का कैंसर बल्कि अनेक स्थितियाँ हो सकती हैं जिनके कारण ये लक्षण हो सकते हैं। यदि आपको इनमें से किसी एक लक्षण का अनुभव हुआ है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप डॉक्टर के साथ इसकी चर्चा करें।

फेफड़े के कैंसर के खतरे के कारण क्या-क्या होते हैं?

खतरे का एक कारण, ऐसा कोई भी कारण होता है जो स्वास्थ्य संबंधी किसी विशेष स्थिति (बीमारी) जैसे कि फेफड़े का कैंसर आदि के, होने की अधिक संभावना से जुड़ा हुआ होता है। खतरे के कारण विभिन्न प्रकार के होते हैं, इनमें से कुछ में सुधार या परिवर्तन लाया जा सकता है कुछ में नहीं।

इस पर ध्यान देना चाहिए कि खतरे के एक या अधिक कारण होने का अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति को फेफड़े का कैंसर हो जाएगा। अनेक लोगों में खतरे का कम से कम एक कारण होता है लेकिन उन्हें कभी फेफड़े का कैंसर नहीं होता, जबकि हो सकता है कि फेफड़े के कैंसर से पीड़ित अन्य लोगों में खतरे का कोई भी ज्ञात कारण नहीं रहा हो। बावजूद इसके कि फेफड़े के कैंसर से पीड़ित किसी व्यक्ति में खतरे का कोई कारण हो, यह जानना सामान्यतः मुश्किल होता है कि उस खतरे के कारण ने उनकी बीमारी के विकास में कितना योगदान दिया।

यद्यपि फेफड़े के कैंसर के कारणों को अच्छी तरह नहीं समझा जा सका है, बीमारी विकसित होने के जोख़िम से संबद्ध अनेक कारण हैं। इन कारणों में निम्न शामिल हैं:[1-5]

- धूम्रपान
- परिवेशी कारण जैसे कि निष्क्रिय (passive) धूम्रपान, रेडॉन एक्सपोज़र और व्यावसायिक एक्सपोज़र, जैसे कि एस्बेस्टस और डीज़ल एग्ज़ौस्ट।
- फेफड़े के कैंसर का पारिवारिक इतिहास होना
- पूर्व में हुईं फेफड़े की बीमारियाँ जैसे कि लंग फ़ाइब्रोसिस, क्रॉनिक ब्रॉन्काइटिस, एम्फ़िसेमा, और पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस।

फेफड़े के कैंसर की पहचान किस प्रकार की जाती है?

फेफड़े के कैंसर के लक्षणों की पड़ताल करने और पहचान की पुष्टि के लिए अनेक परीक्षण (जाँच) किए जाएँगे। कुछ आम परीक्षणों में निम्न शामिल हैं:

- शारीरिक जाँच[2,3]
- सीने का एक्स-रे[2–4]
- थूक नमूने की जाँच[2–4]
- फेफड़े और आसपास के अंगों की इमेजिंग, जिसमें सीने का एक्स-रे, कंप्यूटेड टोमोग्राफ़ी (computed tomography) (CT) स्कैन या मैग्नेटिक रेज़ॉनेन्स इमेजिंग (magnetic resonance imaging) (MRI) शामिल हो सकते हैं।[4]
- ब्रोंकोस्कोपी का उपयोग करके फेफड़े के अंदर के हिस्सों की जाँच[4]
- माइक्रोस्कोप के द्वारा परीक्षण करने के लिए फेफड़े से ऊतकों का नमूना लेना (बायोप्सी)[4]

उपचार विकल्प

कैंसर से पीड़ित लोगों के उपचार और देखभाल आमतौर पर बहु-विषयक टीम के नाम से जानी जाने वाली स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम, द्वारा की जाती है।

फेफड़े के कैंसर का उपचार बीमारी के चरण और प्रकार, लक्षणों की गंभीरता और व्यक्ति के सामान्य स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। उपचार में फेफड़े के प्रभावित हिस्से को निकालने हेतु सर्जरी शामिल है। कभी-कभी रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी या टार्गेटेड थेरेपीज़ का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जा सकता है।[2–4]

विभिन्न प्रकार के कैंसरों के निदान और उपचार के नए तरीकों को खोजने के लिए शोध कार्य जारी है। फेफड़े के कैंसर के इलाज के नए तरीकों को जाँचने के लिए कुछ लोगों को चिकित्सकीय जाँच में भागदारी का प्रस्ताव दिया जा सकता है।

सहायता खोजना

कैंसर पाए जाने के बाद लोग अकसर पूर्णतया पराजित, भयभीत और परेशान हो जाते हैं। ये सामान्य अहसास हैं।

कैंसर के निदान और उपचार के दौरान और उसके पश्चात् व्यावहारिक और भावनात्मक सहायता बहुत महत्वपूर्ण होती है। परिवार के सदस्यों, स्वास्थ्य पेशेवरों या विशेष सहायता सेवाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध हो सकती है।

इसके अतिरिक्त, State and Territory Cancer Councils (स्टेट एंड टेरीटरी कैंसर काउंसिल्स) कैंसर के बारे में सामान्य जानकारी, साथ ही साथ स्थानीय संसाधनों और प्रासंगिक सहायता समूहों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में कही से भी स्थानीय कॉल के खर्च पर **13 11 20** को कॉल करके Cancer Council Helpline (कैंसर काउंसिल हेल्पलाइन) तक पहुँचा जा सकता है।

सहायता खोजने संबंधी और अधिक जानकारी Cancer Australia (कैंसर ऑस्ट्रेलिया) वेबसाइट **http://www.canceraustralia.gov.au** या Australian Lung Foundation (ऑस्ट्रेलियन लंग फ़ाउंडेशन) **www.lungfoundation.com.au** **मिल सकती है।**

संदर्भ

1. Clinical practice guidelines for the prevention, diagnosis and management of lung cancer. Cancer Council Australia 2004. (फेफड़े के कैंसर की रोकथाम, निदान और प्रबंधन हेतु चिकित्सकीय कार्यप्रणाली दिशानिर्देश। कैंसर काउंसिल ऑस्ट्रेलिया 2004) www.nhmrc.gov.au/guidelines/publications/cp97 से उपलब्ध है। [जुलाई 2012 को पहुँचा गया]।

2. National Cancer Institute. Non small cell lung cancer treatment (PDQ) – patient version. (नेशनल कैंसर इंस्टीच्यूट। गैर छोटी कोशिका फेफड़े के कैंसर का उपचार (PDQ) - रोगी संस्करण।) http://www.cancer.gov/cancertopics/pdq/treatment/non-small-cell-lung/Patient से उपलब्ध है। [जुलाई 2012 को पहुँचा गया]।

3. National Cancer Institute. Non small cell lung cancer treatment (PDQ) – health professional version. (नेशनल कैंसर इंस्टीच्यूट। गैर छोटी कोशिका फेफड़े के कैंसर का उपचार (PDQ) - स्वास्थ्य पेशेवर संस्करण।) http://www.cancer.gov/cancertopics/pdq/treatment/non-small-cell-lung/healthprofessional/page4 से उपलब्ध है। [जुलाई 2012 को पहुँचा गया]।

4. Assessment and Management of Lung Cancer – Evidence based guidelines. A guide for general practitioners. (फेफड़े के कैंसर का मूल्यांकन और प्रबंधन - प्रमाण आधारित दिशानिर्देश। आम चिकित्सकों हेतु गाइड।)

http://www.cancer.org.au//File/HealthProfessionals/Clinical%20Guidelines/lungguidelinesforGPs.pdf से उपलब्ध है। [जुलाई 2012 को पहुँचा गया]।

5. Cancer Australia. Report to the Nation - Lung Cancer 2011. Cancer Australia, Sydney, NSW, 2011. (कैंसर ऑस्ट्रेलिया। राष्ट्र को बताएँ - लंग कैंसर 2011. कैंसर ऑस्ट्रेलिया, सिडनी, NSW, 2011.)

यद्यपि Cancer Australia सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर सामग्री विकसित करता है, यह जानकारी किसी स्वतंत्र स्वास्थ्य पेशेवर की सलाह के स्थान पर उपयोग होने के लिए अभिप्रेत नहीं है। Cancer Australia इस दस्तावेज़ में शामिल जानकारी के उपयोग या उन पर भरोसे के कारण होने वाली किसी क्षति, हानि या नुकसान की देयता स्वीकार नहीं करता है। © Cancer Australia 2013.

LNGC(h)